हिंदी दिवस अहवाल

इंद्रायणी विद्या मंदिर संस्था के इंद्रायणी महाविद्यालय में सोमवार दिनांक 19 सितम्बर 2022 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया था | इस उपलक्ष्य में अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. संभाजी मलघे उपस्थित थे | प्रमुख अतिथी के रूप में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर डॉ. विजयकुमार रोड़े जी उपस्थित थे |

डॉ. विजयकुमार रोड़े जी ने अपने मंतव्य में कहा कि राजभाषा और राष्ट्रभाषा के अंतर को समझना चाहिए | सरकारी कामकाज में जिस भाषा का प्रयोग किया जाता है उसे राजभाषा कहा जाता है और जिस भाषा को देश की अधिकांश जनता समझ बोल सकती है तथा जो भाषा उस देश की संस्कृति की अभिव्यक्ति करने में समर्थ हो वही भाषा उस देश की राष्ट्रभाषा होती है | हिंदी को राष्ट्रभाषा का स्थान मिलने के लिए हम जैसे नौजवानों ने साहित्यकारों ने लेखकों ने समीक्षकों ने आगे बढ़ने की आवश्यकता है | राष्ट्रभाषा बनने के लिए जिन गुणों की आवश्यकता है वे सभी गुण हिंदी में उपस्थित है | आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रभाषा राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक है | हर राष्ट्र की अपनी पहचान के लिए उसकी भूमि, उसका संविधान, उसका झंडा और उसकी भाषा चाहिए | जिस तरह राष्ट्रगीत, राष्ट्रीय स्मारक, राष्ट्रीय व्यक्तित्व और राष्ट्रीय ध्वज को हम सम्मान का स्थान देते हैं वैसा ही सम्मान राष्ट्रभाषा का भी होना चाहिए |

हिंदी दिवस समारोह के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संभाजी मलघे जी ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी रोज की बोलचाल की भाषा है | जिस तरह से हम हिंदी फिल्म देखने के लिए ख़ुशी से जाते हैं उसी तरह हिंदी भाषा को ख़ुशी से बोलना चाहिए | हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का सम्मान तभी प्राप्त होगा जब हमारे दिमाग चढ़ा अंग्रेजी भाषा की श्रेष्ठता का भुत उतर जाएगा और हम बजाय अंग्रेजी के हिंदी में बातचीत तथा भाषा व्यवहार करना गौरव की बात समझेंगे | स्वतन्त्रता संग्राम में राष्ट्रभाषा और हिंदी एक रूप मानी जाती थी|

महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मधुकर देशमुख जी ने प्रास्ताविक किया | उन्होंने हिंदी भाषा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रांतीय द्वेष के कारण हिंदी आज भी हमारे देश की राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई है | हिंदी को हमारे देश की राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हम सब ने मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है|

इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के हिंदी के ५० से अधिक छात्र उपस्थित थे|

इस समारोह का संचालन और आभार ज्ञापन माहाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. राजेन्द्र आठवले जी ने किया|

हिंदी दिवस समारोह के कुछ क्षण चित्र

GPS Map Camera
NAGA
Google
Talegaon Dabhade, Maharashtra, India
PMMM+W6W, Yashwant Nagar, Talegaon Dabhade, Maharashtra 410507, India
Lat 18.734885°
Long 73.683003°
19/09/22 11:00 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
NAGA
Google
19/09/22 11:49
AM


GPS Map Camera
NAGA
Google
Talegaon Dabhade, Maharashtra, India
PMMM+W5J, Yashwant Nagar, Talegaon
Dabhade, Maharashtra 410507, India
19/09/22 11:55 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
Talegaon Dabhade, Maharashtra, India
PMMM+W5J, Yashwant Nagar, Talegaon Dabhade, Maharashtra 410507, India
Lat 18.734898°
Long 73.682838°
19/09/22 10:51 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Talegaon Dabhade, Maharashtra, India
PMMM+W6W, Yashwant Nagar, Talegaon Dabhade,
Maharashtra 410507, India
Lat 18.734929°
Long 73.683035°
19/09/22 11:00 AM GMT +05:30
NAGA
Google

डॉ. मधुकर देशमुख